Regarding need to construct Airport in Hazaribagh, Jharkhand-Laid

श्री मनीष जायसवाल(हज़ारीबाग) **:** मैं माननीय नागरिक विमानन मंत्री जी का ध्यान हमारे लोकसभा हजारीबाग में प्रस्तावित हवाई अड्डे की तरफ आकर्षित करना चाहता हूं । उड़ान योजना के अंतर्गत वर्ष 2017 में केंद्र सरकार द्वारा नगवा हवाई अड्डे के निर्माण हेतु राशि भी स्वीकृत की गई थी जिसका निर्माण कार्य वर्ष 2024 में पूर्ण हो जाना था, परंतु इस विषय पर कोई भी कार्यवाही सुनिश्चित नहीं हो सकी हैं, इसमें कमी शायद राज्य सरकार की रही हो । वर्तमान में हवाई आवागमन हेतु लोंगो को रांची, देवघर एयरपोर्ट जैसे सुदूर जगहों पर जाना पड़ता हैं । हवाई अड्डे के न होने से क्षेत्र के विकास में कहीं न कहीं कमी हुई है और क्षेत्र का अन्य जगहों से जुड़ाव नहीं हो पा रहा है । पढाई, रोजगार, खेल, व्यापार तथा स्वास्थ्य में भी इसका प्रभाव पड़ रहा है । हजारीबाग में हवाई अड्डे के निर्माण से झारखण्ड के अनेकों क्षेत्रों के छात्र ? छात्राओं की पढ़ाई, व्यापार के साथ? साथ लाखों लोगों को सीधे तौर पर लाभ मिलेगा व आर्थिक प्रगति को आयाम के पंख लगेंगे । मैं माननीय मंत्री जी से आग्रह करता हूं कि हजारीबाग हवाई अड्डे का निर्माण जल्द से जल्द करवाने की कृपा करे ।